दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

Reg.No.MH180326353

# पदमावत मीडिया

•डिजिटल संस्करण मुंबई से प्रकाशित•     • न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

वर्ष : 11 • डिजिटल अंक : 51 • मुंबई,बुधवार, 16 अक्टूबर, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 • नि:शुल्क •

## महाराष्ट्र में 20 नवंबर को और झारखंड में 13 और 20 नवंबर को वोटिंग

### 16 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव भी होंगे

### नतीजे 23 नवंबर को




पदमावत मीडिया

**नई दिल्ली ।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान मंगलवार दोपहर को कर दिया है। इसके तहत महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को मतदान होगा, जबकि झारखंड में 2 फेज में यानी 13 और 20 नवंबर को मतदान किया जाएगा। इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

चुनाव आयोग ने मंगलवार दोपहर 3.30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर 16 राज्यों की 48 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। यहां बताते चलें कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को जबकि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को खत्म हो रहा है।

लोकसभा सीटों में होने वाले चुनाव में केरल की वायनाड सीट पर 13 नवंबर और महाराष्ट्र की नांदेड़ सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा। वहीं, 47 विधानसभा सीटों के लिए 13 नवंबर को और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी। इन सभी सीटों के परिणाम 23 नवंबर को आएंगे।

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव का ऐलान करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि इस बार राज्य में दो चरणों में ही चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। पहले चरण के वोट 13 नवंबर को डाले जाएंगे जबकि दूसरे चरण के लिए मतदान 20 नवंबर को होंगे।

चुनाव आयोग ने बताया कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, महाराष्ट्र में 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी और नामांकन की आखिरी तारीख 29 अक्टूबर होगी। नामांकन पत्र 04 नवंबर, 2024 तक वापस लिए जा सकेंगे। महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को ही आएंगे।

## एजीटीएफ झुंझुनूं व थाना नवलगढ़ पुलिस की ऑनलाईन सट्टे के खिलाफ संयुक्त बड़ी कार्रवाई

पदमावत मीडिया

**जयपुर/झुंझुनू।** एजीटीएफ झुंझुनू एवं नवलगढ़ थाना पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नवलगढ़ कस्बे मे अवैध रुप से ऑनलाईन गेमिंग खिलाते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर एक एप्पल आईपैड, 13 मोबाईल, एक फाईबर सैट, एक बैंक पासबुक, 05 मोबाईल चार्जर व दो डाटा केबिल जब्त की है। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि सोमवार को थानाधिकारी सुगन सिंह को गश्त के दौरान एजीटीएफ टीम के कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार ने सूचना दी कि स्टेशन रोड, पोद्दार पैवेलियन के सामने रणसिंह जाट के मकान में ऑनलाईन अवैध रूप से जुआ चल रहा है। सूचना पर दोनों टीमें रण सिंह के मकान मे पहुंची। जहां पहली मंजिल पर सीढ़ीयों के पास बने कमरे में चार व्यक्ति फर्श पर गद्दे डालकर बैठे हुये मिले इन चारो के बीच में मोबाईल फोन, चार्जर, एक्सटेंशन बिजली बोर्ड, डाटा केबिल व एक बैंक पास बुक तथा एक आईपैड मिले। नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम संजीव कुमार मेघवाल पुत्र दुर्गाराम (28) निवासी भोजासर थाना मण्डावा, दूसरे ने राकेश कुमार जाट पुत्र बिरजू सिंह (36) निवासी ढाका की ढाणी थाना नवलगढ़, तीसरे ने पंकज सैनी पुत्र हरिप्रसाद (23) निवासी अमृत नाथ आश्रम के पास, थाना फतेहपुर कोतवाली जिला सीकर तथा चौथे ने हरप्रीत सिंह पुत्र मंजीत सिंह सिख (32) निवासी वार्ड न. 17 गुरुदासपुर पंजाब होना बताया। चारों व्यक्तियों द्वारा गेम के सट्टे पर खाई वाली व लगाई वाली करते पाए जाने पर तलाशी में मिले सभी उपकरणों को जब्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनसे गहनता से अनुसंधान व पूछताछ जारी है।



इस कार्रवाई में एजीटीएफ के कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार व अमित कुमार की विशेष भूमिका रही। टीम में थाना नवलगढ़ से एसएचओ सुगन सिंह, हैड कांस्टेबल शुभकरण, कांस्टेबल मुकेश, मनोज कुमार व चालक प्रेम चन्द, एजीटीएफ से हैड कांस्टेबल विक्रम सिंह, कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार, विक्रम सिंह, अंकित कुमार आला, अमित मोटसरा, बुलेश कुमार व चालक पवन कुमार शामिल थे।

## बालिका सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण में सुरक्षा सखियों की भूमिका पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े के दौरान पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम अंतर्गत जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा सखियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सलूम्बर / पुलिस मुख्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार बालिका सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता के लिए संचालित किए जा रहे सुरक्षा सखी संवाद पखवाडे के दौरान पुलिस अधीक्षक सलूम्बर राजेश कुमार यादव के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारी लाल मीणा के मार्गदर्शन में युनिसेफ के सहयोग से आज दिनांक को जिले के सभी पुलिस थानों पर चयनित सुरक्षा सखियों का जिला स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन पंचायत समिति सलूंबर सभागार में किया गया। आमुखीकरण कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सलूम्बर ने उपस्थित सुरक्षा सखियों तथा बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों, बाल कल्याण समिति तथा पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा बालिका सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता के लिए सुरक्षा सखी संवाद पखवाडे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने सुरक्षा सखियों को पुलिस और आमजन के मध्य की कडी बताते हुए बालिका सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालते हुए किसी भी प्रकार के बाल दुर्व्यवहार तथा महिला अपराध की जानकारी को निकटवर्ती पुलिस थाने पर आवश्यक रूप से देने तथा इस संबंध में आमजन को जागरूक करने के लिए सुरक्षा सखियों को प्रेरित किया। आमुखीकरण के दौरान युनिसेफ की बाल संरक्षण सलाहकार सिन्धु बिनुजीत ने सुरक्षा सखियों के गठन की आवश्यकता तथा उनके कार्यो तथा कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए थाना क्षेत्र में बालिका सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता के प्रयासों के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराया। उन्होने बताया कि वर्तमान परिपेक्ष्य में अपराधों और उनके तरीकों में तकनीकी का प्रयोग होने लगा है जिसके अनुसार बालिकाओं को सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न जानकारी उपलब्ध कराना तथा परिवार एवं समाज में किसी भी प्रकार के अपराधो की सूचना पुलिस एवं प्रशासन को देना आवश्यक है। उन्होने बालकों के साथ होने वाले संभावित साइबर अपराधों, दुव्यर्वहार आदि के बारे में बताते हुए चाइल्ड हेल्पलाईन, साइबर हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे में जानकारी दी। बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा यशोदा पाणिया द्वारा सत्र के दौरान सुरक्षा सखियों को महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न अपराधों, बालकों के साथ लैंगिक दुर्व्यवहार की घटनाओं के मामलों में रिपोर्टिंग प्रक्रिया तथा जिला स्तर पर कार्यरत विभिन्न संरचनाओं वन स्टॉप सेन्टर आदि के बारे में जानकारी दी। महिला सलाह एवं सुरक्षा केन्द्र की प्राची जी द्वारा महिला अपराधों की रिपोर्ट के लिए संचालित किए जा रहे महिला सलाह सुरक्षा केन्द्र की कार्यप्रणाली के बारे में प्रतिभागियों को बताया। वृत्ताधिकारी सलूम्बर हेरम्ब जोशी द्वारा उपस्थित सुरक्षा सखियों तथा बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को विभिन्न नियमों एवं अधिनियम के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई। सुरक्षा सखियों द्वारा साझा किए गए समस्याएं एवं प्रयास कार्यशाला के दौरान युनिसेफ की सिन्धु बिनुजीत द्वारा आयोजित खुली चर्चा के दौरान सुरक्षा सखियों ने उनके क्षेत्र में महिला सुरक्षा और बालिका सुरक्षा से संबंधित मुख्य समस्याओं तथा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि सुरक्षा सखी संवाद पखवाडे के अन्त में सराहनीय कार्य करने वाली सुरक्षा सखियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यशाला में जिले के सभी पुलिस थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारीगण, एमओबी के वखत सिंह एवं कार्यक्रम के आकाश उपाध्याय सहित 80 से ज्यादा प्रतिभागी उपस्थित थे।

## आरएनटी स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब उदयपुर की चित्तौड़गढ़ पर शानदार जीत



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राज्य स्तरीय पंचम नर्सेज एवं पेरामेडिकल कोरोना वारियर्स खेलकूद प्रतियोगिता जयपुर में आयोजित की जा रही हैं। मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि आरएनटी स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब उदयपुर ने निर्धारित 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 97 रन बनाए। मनीष जीनगर ने 42 रन, मुकेश रेगर के 22 रन के बदोलत 97 रन बनाए। मनीष जीनगर ने 2 विकेट, गोविंद ने 3 विकेट, अरविंद बैरांगी ने 2 विकेट, पियूष शर्मा ने 1 विकेट महत्वपूर्ण विकेट लेकर चित्तौड़गढ़ 8 विकेट खोकर मात्र 59 रन ही बना पाई। टीम कप्तान गुलाम नबी, मैनेजर हेमंत आमेटा व कोच सचिन वैष्णव ने बताया कि मैन आफ मैच मनीष जीनगर घोषित किया गया।

## आपने सिर्फ चोरों को पकड़ा हैं, अब चोरों की मां को भी पकड़िए

### प्रतापगढ़ से आता नशा मेरे पास पूरी डिटेल - कैलाश विजयवर्गीय

### नशे का कारोबार करने वालों को बख्शेंगे नहीं




**इन्दौर ।** इंदौर में नशे के कारोबार के तार राजस्थान के प्रतापगढ़ से जुड़े हैं। मुझे नाम भी पता है कि कौन लोग इस कारोबार के पीछे हैं। यह दावा सीएम की मौजूदगी में भरे मंच से करते हुए केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से प्रदेश में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग की। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में मंच से सभा को संबोधित करते विजयवर्गीय ने कहा- आप मुख्यमंत्री भी हैं और इंदौर के प्रभारी मंत्री भी हैं। नशे के कारोबार पर नकेल के लिए आपको भोपाल से भी निर्देश जारी करना होंगे। भोपाल के अधिकारियों के माध्यम से राजस्थान पुलिस से संपर्क कर बड़ी कार्रवाई करनी होगी। अब तक आपने सिर्फ चोरों को पकड़ा है। इस कारोबार के चोरों की मां को भी पकड़िए। नहीं तो ये लोग इंदौर के युवाओं को बर्बाद कर देंगे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस संबोधन के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे का कारोबार करने वालों को डुबख्शेंगे नहीं। पुलिस और प्रशासन को पूरी छूट है। बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 फ्लाई ओवर के लोकार्पण हेतु इन्दौर प्रवास पर आए थे।

## राजस्व अधिकारी बकाया राजस्व प्रकरणों का विहित समय पर निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें - जिला कलक्टर डॉ. राजोरिया

### जिला कलक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक, दिए निर्देश



पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला कलक्टर डॉ. अंजली राजोरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट में राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी अपने दायित्वों का पालन करते हुए अपने क्षेत्र में संचालित समस्त गतिविधियों की समीक्षा करे। उन्होंने पंजीकृत राजस्व प्रकरण, प्रकरणों के निस्तारण और लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिले में भू-आवंटन,अतिक्रमण, भू--रूपान्तरण और नामान्तरण सहित सभी तरह के राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही गत बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना के बारे में पूछा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर विनय पाठक ने कहा की राजस्व अधिकारी बकाया राजस्व प्रकरणों का विहित समय पर निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में लाइट्स पोर्टल पर लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई।

मौसमी बीमारियों के बारे की चर्चा

जिला कलक्टर ने बैठक में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिये एंटी लार्वा गतिविधियां करने के साथ-साथ आवश्यक प्रचार प्रसार करने के भी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जल भराव न हों और नालियों की भी सफाई करवाई जाए। साथ ही जहां मौसमी बीमारियों के ज्यादा केस आ रहे है वहां विशेष ध्यान दे। जिला कलक्टर ने बैठक में संपर्क पोर्टल और जनसुनवाई के बारे में चर्चा करते हुए कहा को सभी प्रकरणों का नियमानुसार समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, आमजन को कोई परेशानी न हो।

डिजिटल जागरूकता पर हुई चर्चा

जिला कलक्टर ने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत दिए जा रहे प्रशिक्षण के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि हाल ही में राजीविका के कार्मिकों को डिजिटल सशक्तिकरण और साइबर जागरूकता का प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों के मद्देनजर डिजिटल लिटरेसी की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य डिजिटल तकनीकों का कुशलता से उपयोग करना सिखाना है, ताकि वे अपने कार्यों को अधिक प्रभावी तरीके से निभा सकें। बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी ने साइबर फ्रॉड और डिजिटल जागरूकता के बारे में चर्चा करते हुए साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया और कहा साइबर फ्रॉड की शिकायत इस नंबर पर की जा सकती है। बैठक में उपखंड अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान पुलिस का साइबर अभियान 103 चोरी हुए मोबाइल बरामद

पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** राजस्थान पुलिस साइबर क्राइम विभाग द्वारा साइबर अपराधों और मोबाइल चोरी की बढ़ती घटनाओं पर रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के नेतृत्व में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा के निर्देशन में जिले की साइबर सेल और पुलिस थानों ने 103 गुमशुदा/चोरी हुए मोबाइल बरामद कर उनके असली मालिकों को सुपुर्द किए, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये है।



पिछले दो महीनों में कुल 135 मोबाइल बरामद किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 40 लाख रुपये है। आम जनता द्वारा ष्टश्वढ्ढ पोर्टल पर की गई शिकायतों के आधार पर यह मोबाइल असली मालिकों को लौटाए गए, जिससे जनता को बड़ी राहत महसूस हुई।

दिशा-निर्देश»

मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत सिम कार्ड बंद कराएं और नई सिम जारी कराएं। ष्टश्वढ्ढ पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें और मोबाइल एक्टिव होते ही प्राप्त स्रूस् के साथ पुलिस थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराएं।

## देवगढ़ थाना पुलिस ने धारदार छुर्रे के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिले में पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशानुसार, अवैध हथियारों की धरपकड़ अभियान के तहत देवगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई की। 14 अक्टूबर 2024 को थानाधिकारी निर्भयसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी भैरूलाल पिता मालिया मीणा को दिवाक माता तिराहे, चिकलाड से गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से धारदार छुरा बरामद हुआ।




गिरफ्तारी के दौरान टीम में थानाधिकारी निर्भयसिंह, सहायक उप निरीक्षक मनोहरलाल, कांस्टेबल कुलदीप और राजमल मीणा शामिल थे। मामले में थाना देवगढ़ पर केस दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

## मंगलसूत्र और मोबाइल स्नैचिंग का खुलासा आदतन अपराधी बलराम गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** प्रतापनगर में मंगलसूत्र और मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों के खुलासे के लिए पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की मदद से आरोपी बलराम उर्फ बंटू को द्वारकापुरी अपार्टमेंट, प्रतापनगर से पकड़ा। पूछताछ में बलराम ने कई इलाकों में स्नैचिंग की वारदातों को स्वीकारा। आरोपी से सोने का मंगलसूत्र और 5 मोबाइल बरामद किए गए। बलराम आदतन अपराधी है और वारदातों से मिले पैसों को मौज-मस्ती में खर्च करता है। पुलिस मामले की जांच जारी रखे हुए है।

पुलिस टीम में बन्ना लाल उप निरीक्षक, शंकर लाल,हुकम सिंह,गणेश कॉन्स्टेबल, राजेश कुमार कॉन्स्टेबल, दयाराम कॉन्स्टेबल शामिल रहे....

# गिरदावरी करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलवाने के मांग

पदमावत मीडिया

**मेनार।** क्षेत्र में पीछले दो दिन तक लगातार हुई वर्षा से आम जीवन प्रभावित हुआ। साथ ही सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को उठाना पड़ा । खेतों में पकी फसल सोयाबीन, मक्का, मूंगफली, उड़द आदि को नुकसान हुआ। सबसे ज्यादा नुकसान सोयाबीन का हो रहा है खेतों में पानी भरा हुआ है वाना रुंडेडा मेनार समेत गांवों में सोयाबीन की फसल सड़ने लग गई है । क्षेत्र के किसानों ने बताया कि अचानक हुई बारिश से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को नुकसान हुआ है । सोयाबीन का एक दाना भी किसान अपने घर नहीं ले जा सकेगा किसानों को हो रहे नुकसान को देखने के लिए बसपा नेता सुरेश कुमार मेघवाल ने खेतों में पहुंचे और वास्तविक स्थिति की जानकारी ली किसानों को हुए नुकसान एवं होने जा रहे नुकसान के बारे में पूर्ण जानकारी ली सभी किसानों की मांग पर राज्य सरकार को उचित गिरदावरी करवा कर किसानों के मुआवजे की मांग है की।

# घुमंतू एवं अर्ध घुमंतुओं को पट्टा दिलाने के लिए वीसी के माध्यम से मिले राज्य सरकार से निर्देश



पदमावत मीडिया

**मेनार।** राजस्थान सरकार के द्वारा घुमंतू और अर्ध घुमंतुओं को पट्टा देने के सरकार के निर्देश पर हर पंचायत समिति क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों को वीसी के मार्फत राजस्थान पंचायत राज से जुड़ने का निर्देश दिए। जिस तहत वल्लभनगर एसडीएम कार्यालय के वीसी रूम में प्रधान देवीलाल नंगारची की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें पंचायती राज के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। विकास अधिकारी सुनील चौहान, अतिरिक्त विकास अधिकारी भूपेश आचार्य, पीओ मोहनलाल गवारिया सभी ग्राम पंचायत के वीडियो एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे । वी सी के मार्फत प्रधान देवीलाल नगारची ने पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर एवं शासन सचिव पंचायती राज रवि जैन को अवगत कराया गया कि जो स्वामित्व योजना है उसके अंतर्गत हर ग्राम पंचायत में आबादी का जो ड्रोन सर्वे हो रहा है तो वह आबादी के अलावा अन्य जिसमें 36 प्रकार के लोग बसे हैं। उनके घरों का ड्रोन सर्वे क्यों नहीं हो रहा है। मेरी पंचायत समिति वल्लभनगर के अंतर्गत सभी पंचायत में सभी प्रकार के लोग कई वर्षों से सरकारी एवं अपने खातेदारी भूमि पर मकान बना कर रह रहे हैं उनका भी ड्रोन से सर्वे कराकर आबादी विस्तार करने की बात रखी। जिस पर पंचायत राज शासन सचिव ने जवाब देते हुए कहा कि आप हर पंचायत स्तर से जिला कलेक्टर को प्रस्ताव बनाकर भिजवाए जिससे आगे की कार्यवाई कर आबादी विस्तार किया जा सके।

# पोकरण फील्ड फायरिंग रेन्ज में चोरी करने वाले संगठित गिरोह का किया पर्दाफाश

## महत्वपूर्ण संचार सांमग्री व डीजल चोरी करने वाला मुख्य सरगना गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त बोलेरो कैम्पर जब्त

### जैसलमेर जिले में थाना लाठी पुलिस की कार्रवाई

पदमावत मीडिया

**जयपुर/जैसलमेर ।** जैसलमेर जिले की थाना लाठी पुलिस ने पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश कर महत्वपूर्ण संचार सामग्री व डीजल चोरी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना रमजान उर्फ लादेन पुत्र बचाएं खान निवासी लाठी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो गाड़ी जब्त की है।

एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि थाना लाठी पर रिपोर्ट प्राप्त हुई थी कि 13 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों द्वारा जनरेटर के पास रखा 200 लीटर डीजल से भरा एक ड्रम व 12 किलोमीटर लम्बी संचार लाईन के तार चोरी कर ले गए हैं। रिपोर्ट पर अलग--अलग प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए थाना लाठी पहुंच उन्होंने प्रकरण की जानकारी प्राप्त कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार व सीओ पोकरण भवानी सिंह को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए।

एसएचओ लाठी सुखराम के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं मुखबिर सहायता से गिरोह के मुख्य सरगना रमजान उर्फ लादेन को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफतार किया गया। मुल्जिम से मनौवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर इसने अपने साथियों रईश, घनश्याम भील व गोविन्द भील निवासी लाठी के साथ मिलकर अपनी बोलेरो कैम्पर से डीजल चोरी करना बताया।

मुल्जिम रमजान उर्फ लादेन ने पूछताछ पर बताया कि 11 अक्टूबर की रात उसने साथी प्रकाश भील, घनश्याम भील व गोविन्द भील के साथ मिलकर स्वयं की गाडी कैम्पर व घनश्याम की कैम्पर गाड़ी से पोकरण फील्ड फायरिंग रेन्ज एवं अन्य सैन्य क्षेत्रों विशेषकर पीएफएफआर से करीब 12 किलोमीटर कम्प्यूनिकेशन वायर चुराया था। जिस पर प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। मुल्जिम से विस्तृत पूछताछ व अनुसंधान जारी हैं। प्रकरण में शामिल अन्य मुल्जिमों की सरगर्मी से तलाश जारी हैं।

*सैन्य क्षेत्रों में संगठित गिरोह के खुलासे के लिए एसआईटी का किया गठन*

एसपी चौधरी ने बताया कि उन्होंने स्वयं थाना लाठी पहुंच मुल्जिम से पूछताछ की। पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में पूर्व में विभिन्न गिरोह द्वारा कई बार संवेदनशील मेटेरियल, टैंक पार्ट्स आदि चोरी किए गए हैं, मगर उसकी कोई एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई। इनके गिरोह द्वारा भी पूर्व में कई वर्षों से लगातार चोरियां की जाती रही हैं। जिला पुलिस द्वारा इसी वर्ष टैंक पार्ट्स चोरी के प्रकरण में सात मुल्जिमों को गिरफतार कर कोर्ट में पेश किया जा चुका हैं।

मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण के सुपरविजन में सीओ पोकरण, थानाधिकारी लाठी, थानाधिकारी मोहनग□, थानाधिकारी नाचना व थानाधिकारी सदर की एसआईटी का गठन किया गया हैं जो उनके निर्देशन में एसओपी के अनुसार उच्च कोटी का अनुसंधान सम्पादित कर वारदातों का पर्दाफाश करेंगे।

मुल्जिम रमजान उर्फ लादेन के विरूद्ध हिस्ट्रीशीट पत्रावली खोलने की प्रकिया पृथक से प्रारम्भ की गई।



गुण्डा एक्ट की कार्यवाही पृथक से की जा रही है।

# नेशनल क्वांलिटी टीम ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र वाजमीया का निरीक्षण



पदमावत मीडिया

**मेनार।** राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत जिले के वल्लभनगर ब्लॉक के सेटेलाइट हॉस्पिटल वल्लभनगर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र वाजमीया का राष्ट्रीय टीम द्वारा निरीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि राज्य स्तर से गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम में प्रमाणित होने पर राज्य सरकार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर वाजमीया को भारत सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण हेतु आवेदन किया था। जिससे भारत सरकार द्वारा डॉ दिप्ती शुक्ला और डॉ सोनू गुप्ता निरीक्षण करने के लिए उदयपुर आये।

सोमवार को टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र वाजमीया के सभी विभागों के मापदण्डो पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार निरीक्षण किया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई, बायोवेस्ट मैनेजमेंट, निशुल्क जांच, निशुल्क दवा वितरण, उपकरणों की उपलब्धता ,मानव संसाधन आदि मानकों पर निरीक्षण किया गया।

सेटेलाइट हॉस्पिटल वल्लभनगर के चिकित्सा प्रभारी और बीसीएमओ डॉ कुलदीप लोहार ने संस्थान पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी।

उप स्वास्थ्य केन्द्र नयाखेड़ा के सीएचओ पिंकी मीणा और एएनएम सुमन ने सभी मापदण्डो को बारीकी और विस्तार से रिकार्ड सहित बताया। सभी पूछे गये सवालों का सही-सही जवाब पूरे विश्वास से दिये। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी भींडर डॉ संकेत जैन,जिला क्वालिटी सेल से डॉ राकेश गुप्ता, डॉ शुभम गोयल, डॉ पीयूष व्यास, गणेश प्रकाश चौधरी, सुनील शर्मा, वल्लभनगर एलएचवी, वल्लभनगर ब्लॉक टीम एवं अन्य स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ,नर्सिंग आफिसर , एएनएम और आशा सहयोगिनी उपस्थित रहे।

बीपीएम निवेदिता जोशी ने सभी का स्वागत मेवाड़ी परम्परा से किया। वाजमीया गांव के जन प्रतिनिधि श्री रतन सिंह झाला और रतन सिंह राठौड़ सी आर ने अच्छा सहयोग किया।

राष्टीय स्तर से प्रमाणीकरण होने पर संस्थान को प्रमाण पत्र के साथ पारितोषिक के रुप में एक लाख छब्बीस हजार रुपये प्रति वर्ष तीन वर्ष तक मिलेंगे।जिसका उपयोग स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं पर खर्च किया जायेगा।

# अवैध मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त तस्कर भैराराम को 1 साल के लिए किया निरुद्ध

पदमावत मीडिया

**जयपुर/बाड़मेर।** बाड़मेर जिला पुलिस ने पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों के तस्कर भैराराम विश्नोई पुत्र भागचंद निवासी शोभाला दर्शन थाना धोरीमन्ना को 1 साल के लिए अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में निरुद्ध किया है इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।

एसपी नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि तस्कर भैरा राम विश्नोई वर्ष 2022 से मई 2024 तक नियमित रूप से अवैध मादक पदार्थ के व्यवसाय व आपराधिक गतिविधियो सहित अवैध नशे के कारोबार मे संलिप्त रहा है। तस्करी के 4 प्रकरण मे स्मैक व एमडी जैसे घातक मादक पदार्थ व मादक पदार्थ की ब्रिकी से प्राप्त नकदी जब्त की गई। इसके विरुद्ध पहला प्रकरण 26 सितम्बर,2022, दूसरा 09 मार्च, 2023, तीसरा 17 अगस्त,2023 व चौथा प्रकरण 17 मई, 24 को थाना धोरीमन्ना मे एनडीपीएस एक्ट मे दर्ज होकर चालान हुए।



जमानत होने के चंद दिनो बाद ही तस्कर भैरा राम दूसरे प्रकरण में गिरफ्तार हुआ। इस प्रकार अवैध मादक पदार्थो से तस्करी से मिलने वाले अवैध धन से अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहकर आमजन मे खौफ पैदा करता था। जिससे अपराधी के विरूद्ध आम आदमी सूचना देने व साक्ष्य देने से घबराते थे। इसी भय का फायदा उठाकर भैराराम काफी लम्बे समय से कानून के शिकंजे मे आने से बचता रहा। मादक पदार्थ तस्करी से युवाओ के स्वास्थ्य व कल्याण एवं राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव प□ने से अन्य कोई विकल्प नही होने के कारण इसके विरुद्ध पिट एनडीपीएस एक्ट 1988 के अन्तर्गत धारा 3 के तहत प्रस्ताव तैयार कर गृह विभाग राजस्थान सरकार को भिजवाया गया।

गृह विभाग द्वारा गठित कमेटी द्वारा प्रकरण की समीक्षा कर पेश किये गये ठोस तथ्यों के आधार पर आज मंगलवार को तस्कर भैराराम बिश्नोई को एक साल के लिए निरूद्ध करने का आदेश पारित किया गया। इस अवधि के दौरान अपराधी न्यायिक अभिरक्षा में हाईसेक्युरटी जेल अजमेर मे निरूद्ध रहेगा।

जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी मे लिप्त अपराधियो के विरूद्ध कठोर प्रभावी कार्यवाही अमल मे लाई जा रही है। अवैध मादक पदार्थो की तस्करी से अर्जित अवैध सम्पति को जब्त करवाने की कार्यवाही की जा रही है।

# नाबालिग के अपहरण, दुष्कर्म एवं आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिले की घंटाली पुलिस ने थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने एवं आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दो आरोपियों गुड़िया निनामा पुत्र भवाना (29) एवं संतोष निनामा पुत्र देवजी (25) निवासी गागरवा थाना दानपुर जिला बांसवाड़ा को गिरफ्तार कर लिया है।

ाया कि 11 अक्टूबर को थाना घंटाली पुलिस को सूचना मिली कि खरवाडा गांव के जंगल में एक पेड़ पर नाबालिग लड़की का शव सड़ी--गली अवस्था में रस्सी से लटका हुआ है। सूचना पर एसएचओ सोहनलाल टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। शव को पेड़ से उतार पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा गया।

एसपी बंसल ने बताया कि लड़की के परिजनों ने पुलिस को दी रिपोर्ट में उनकी नाबालिग बेटी को 5 अक्टूबर की रात तीन युवकों द्वारा अपहरण कर ले जाना बताया। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देख आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ सुनील कुमार जाखड़ के सुपरविजन एवं सोहन लाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर मुखबिर एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना के दो आरोपियों गुड़िया निनाना एवं संतोष निनामा को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार इन दोनों आरोपियों ने अपने एक अन्य नाबालिग साथी के साथ मिलकर मृतका का अपहरण किया एवं आरोपी गुड़िया निनामा ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे आहत होकर नाबालिग ने पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। आरोपियों से अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

# वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए समाजसेवी रमेश छाजेड ने खाद्य सामग्री का करवाया सहयोग

## दीपावली के शुभ त्योहार पर दादा-दादी वृद्धाश्रम के वृद्धजनों को भारी राहत

पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** मानव सेवा व जीवदया के क्षेत्र में पूर्णतया समर्पित समाजसेवी रमेश छाजेड रामसर ने बनाड़ स्थित दादा दादी वृद्धाश्रम में आवासित वृद्धजनों के लिए दो माह की राशन खाद्य सामग्री उपलब्ध करवा कर सभी वृद्धजनों को राहत प्रदान करने का अनुमोदनीय कार्य किया गया है।

मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष रमेश छाजेड़ ने बताया कि हैल्थ वेलफेयर संस्थान द्वारा बनाड़ स्थित दादा -दादी वृद्धाश्रम में कुल 23 वृद्धजन निवासरत है । जिनकी आयु 75 से 80 वर्ष तक की है । उक्त वृद्धाश्रम में बुजुर्गो के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रकार की जरूरत की पूर्ति की जाती है । इसी क्रम में विभिन्न दानदाताओं के सहयोग से इस वृद्धाश्रम में दो माह की राशन सामग्री उपलब्ध करवाई गई। सभी बुजुर्गो ने अत्यंत ही प्रसन्नता के साथ इस सहयोग को दीपावली का उपहार स्वरूप स्वीकार किया एवं सभी सहयोगियों के लिए शुभकामनायें एवं धन्यवाद प्रकट किया गया ।

इसके अतिरिक्त उक्त दादा--दादी वृद्धाश्रम के बुजुर्गो की सेवा में मानव सेवा संस्थान जोधपुर की एक एम्बुलेंस गाड़ी भी सुपुर्द की गई । इस दौरान रमेश छाजेड़ रामसर ने सभी दानदाताओं से अपील करते हुए बताया कि आगामी दीपावली के शुभ त्योहार पर विभिन्न सेवा प्रकल्प जैसे बालगृह, वृद्धाश्रम, गौशाला में गौ सेवा, कुत्तों की सेवा, कबूतरो को




चुगा इत्यादि परोपकारी कार्यों में सभी समाजसेवी ब□-च□ कर सहयोग करते रहे। हेल्थ वेयरफेयर संस्थान एवं दादा दादी संस्थान के सचिव राजाराम चौधरी ने समाज सेवी एवं जीवदया प्रेमी तथा मानव सेवा संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष रमेश छाजेड़ रामसर का धन्यवाद व्यक्त किया।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व पानी को समर्पित डीएमएफटी की 53.56 करोड़ की राशि

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राज्य सरकार ने अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व पानी के लिए अपनी प्राथमिकता दर्शाते हुए डीएमएफटी फंड की 53.56 करोड़ रुपयों की राशि समर्पित की है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फेडरेशन ट्रस्ट की मूल भावना के अनुरूप जनजाति क्षेत्र में होने वाले खनन से इस मद में प्राप्त हुई राशि टीएसपी क्षेत्र में सुविधाओं के विकास पर खर्च करने की सैद्धांतिक सहमति दी थी। सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पिछले दिनों हुई ट्रस्ट की बैठक में निर्णय लेते हुए यह राशि स्वीकृत की गई। अब सक्षम स्तर से इन स्वीकृतियों के आदेश जारी हो चुके हैं। बैठक में उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों में जर्जर हो रहे भवनों की मरम्मत, अन्य आवश्यक निर्माण, स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों की रिपेयरिंग व अन्य आवश्यक निर्माण, मोर्चरी निर्माण, आवागमन को सुचारू बनाने के लिए क्षतिग्रस्त हुई सड़कों व पुलियाओं की मरम्मत, डामरीकरण व पेयजल को लेकर हैंडपंप आदि के प्रस्ताव रखे गए। ट्रस्टी के रूप में सांसद व विधायकगण उपस्थित थे। सभी ने एकमत से इन प्रस्तावों को पारित किया था। डीएमएफटी मद से 12 संस्कृत विद्यालयों में नए निर्माण व मरम्मत के लिए 92.70 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। समग्र शिक्षा, उदयपुर के तहत 18 विद्यालयों के जर्जर हो चुके भवनों के पुनर्निर्माण के लिए 13 करोड़ 84 लाख 80 हजार रुपए। अन्य 162 विद्यालयों में मरम्मत व आधारभूत संरचनाओं के लिए 14 करोड़ 38 लाख रुपए। इसी तरह के 110 कार्यों के लिए 3 करोड़ 30 लाख रूपए,

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधीन 69 स्वास्थ्य केंद्रों की छतों की मरम्मत, रंग रोगन, बाउंड्रीवाल मरम्मत आदि कार्यो के लिए 3 करोड़ 68 लाख 73 हजार रुपए। इसी तरह स्कूलों में कक्षा कक्ष निर्माण, पुलिया, डामरीकरण, एनीकट, सीसी रोड आदि के लिए 4 करोड़ 7 लाख 17 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। सीसी सड़क व पेवरीकरण के चार कार्य के लिए 6 करोड़ 10 लाख रूपए, सलूंबर क्षेत्र में डामरीकरण, सड़क निर्माण आदि के 9 कार्यो पर 6 करोड़ 35 लाख रूपए की स्वीकृति जारी की गई है।

शवों का सम्मान बना रहे इसलिए छह मुर्दा कोठरी ...

सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने बताया कि इस जनजाति क्षेत्र में एक बड़ी समस्या पोस्टमार्टम कार्यवाही को लेकर थी। कुछ स्थानों पर तो सीएचसी पर मोर्चरी (मुर्दा कोठरी) हैं, लेकिन अभी भी कई सीएचसी में यह सुविधा नहीं है। इस से वहां पोस्टमार्टम के लिए शवों को रखे जाने की सुविधा नहीं थी। शवों को सम्मानजनक स्थान देने के लिए पहली बार डीएमएफटी फंड से छह स्थानों पर मोर्चरी निर्माण के लिए 90 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। गींगला, झल्लारा,भबराना, चावंड, सेमारी व इंटालीखे□ा में यह मोर्चरी बनेगी।

# पुलिस थाना प्रतापनगर द्वारा एक साल से फरार शातिर बाईक चोर को भोपाल से किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार जिले में फरार आरोपियों की धरपकड़ के अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश औझा और वृताधिकारी छगन राजपुरोहित (वृत नगर पूर्व) के सुपरविजन में थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में पुलिस थाना प्रतापनगर की टीम ने एक साल से फरार मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी ललित सिंह, निवासी खीमाखेड़ा छापली, दिवेर (राजसमंद) को भोपाल, एमपी से गिरफ्तार किया।



घटनाक्रम के अनुसार, परिवादी प्रहलाद सिंह ने 10 जुलाई 2023 को अपनी रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान, मोटरसाइकिल पहले थाना भूपालपुरा में बरामद हो चुकी थी, और ललित सिंह द्वारा चोरी की पुष्टि हुई थी। आरोपी एक साल से फरार था, जिसे अब प्रतापनगर थाना टीम ने गिरफ्तार किया।

पुलिस टीम में थानाधिकारी भरत योगी, हेड कांस्टेबल बाबुलाल, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, कांस्टेबल किरण कुमार और सायबर सेल से लोकेश रायकवाल शामिल थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।